19 June 2025_Copy of Layout 1 6/19/2025 1:28 PM Page 1


दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*


पेज-04

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 350 | देहरादून, गुरुवार 19 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### पीएनबी ने 1.25 करोड़ की दुर्घटना बीमा योजना के लिए एससीसीएल से किया करार



**देहरादून।** सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने एससीसीएल कर्मचारियों के लिए 1.25 करोड़ रुपये के बढ़े हुए दुर्घटना बीमा कवरेज वाली व्यापक पीएनबी वेतन बचत योजना शुरू करने के लिए सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है। इस करार पर हैदराबाद में पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र व दोनो संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये, जो कोयला खदान श्रमिकों व उनके परिवारों को व्यापक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मिल का पत्थर (माइलस्टोन) है।

### हरिद्वार में नाबालिग बालिका के अपहरण मामले में पिता गिरफ्तार, बेटा फरार

**हरिद्वार।** नाबालिग बालिका के अपहरण मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने अपहरणकर्ता के पिता को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि मामले में उसका अपहरणकर्ता बेटा फरार है जिसकी तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार बीते 15 जून को ज्वालापुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा कोतवाली ज्वालापुर में तहरीर देकर बताया गया था कि आकाश व उसके पिता ने उनकी 14 वर्षीय नाबालिक बेटी की साजिश रचकर अपहरण कर लिया गया है। मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी है। नाबालिक बच्ची के अपहरण से जुड़े इस गंभीर मसले पर कार्यवाही के लिए जुटी पुलिस टीम ने नामजद आरोपी गोपाल प्रसाद को घटना में षड्यंत्र कर भागने में सहयोग करने के संबंध में हिरासत में लिया गया।

# क्रोएशिया पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, किया शानदार स्वागत, भारतीय समुदाय से की मुलाकात



**जाग्रेब/नई दिल्ली (ईएमएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब पहुंचने। यहां पर उनका शानदार स्वागत किया गया। उन्होंने भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात की। यह क्रोएशिया की उनकी पहली यात्रा है और तीन देशों के दौरे का अंतिम चरण है। यात्रा से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा मैं क्रोएशिया गणराज्य की अपनी यात्रा और राष्ट्रपति जोरान मिलानोविच तथा प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ बैठकों की प्रतीक्षा कर रहा हूं। भारत और क्रोएशिया के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंध हैं। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा द्विपक्षीय सहयोग के नए रास्ते खोलेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि यह तीन देशों की यात्रा भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ समर्थन देने वाले भागीदार देशों को धन्यवाद देने का अवसर है, साथ ही आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ वैश्विक समझ को मजबूत करने का भी प्रयास है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह यात्रा भारत और क्रोएशिया के बीच राजनीतिक और आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का अवसर प्रदान करेगी।

इसके जरिए व्यापार, नवाचार, रक्षा, बंदरगाह, शिपिंग, विज्ञान–तकनीक, सांस्कृतिक आदान–प्रदान और कार्यबल गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर पारंपरिक भारतीय शास्त्रीय नृत्य ष्कथकष् की प्रस्तुति दी गई। क्रोएशियाई कथक नृत्यांगना और शिक्षिका एना ने कहा, मैंने भारत में कथक सीखा... मैंने यहां एक स्कूल खोला है और ये मेरी छात्राएं हैं। पीएम मोदी के सामने प्रस्तुति देना हमारे लिए बड़े सम्मान की बात है... हमें भारतीय संस्कृति से बहुत लगाव है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## राज्य कार्यकारी समिति की बैठक में बाढ़ सुरक्षा व सड़क सुधार प्रकरणों पर हुई चर्चा



**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद नैनीताल के रामनगर में स्थित गर्जिया देवी मंदिर के मुख्य टीले के सुरक्षात्मक कार्यों तथा गोला नदी से सटे आपदा प्रबंधन से संबंधित बाढ़ सुरक्षात्मक व सड़क सुधार कार्यों के दो प्रकरणों पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने नैनीताल के रामनगर में स्थित गार्जिया देवी मंदिर के कार्यों की प्रगति प्राप्त करते हुए अवशेष सुरक्षात्मक कार्यों को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद नैनीताल के लालकुआं के बनभूलपुरा रेलवे क्रॉसिंग से गोला पुल तक गोला नदी के अत्यधिक पानी के बहाव के चलते क्षतिग्रस्त मार्ग तथा विभागों से जुड़ी हुई सभी परिसंपत्तियों की आईआईटी रुड़की से हाइड्रोलॉजिकल स्टडी कराते हुए सुरक्षात्मक कार्यों को तत्काल पूरा करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव सचिन कुर्वे, श्रीधर बाबू अदांकी, विनोद कुमार सुमन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पत्रकारों के लिए मुख्यमंत्री धामी की पहल-देहरादून में विशेष स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता दिखाते हुए गत दिनों अधिकारियों को पत्रकारों के लिए विशेष मेडिकल कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए थे।

रिंग रोड स्थित सूचना निदेशालय परिसर में विशेष स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों ने पत्रकारों की स्वास्थ्य जांच करते हुए, परामर्श दिया। साथ ही पैथॉलॉजी सहित अन्य जांचें और आभा आईडी बनाने का काम भी मौके पर किया गया। इस


शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

विशेष स्वास्थ्य कैम्प का शुभारंभ स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने किया। इस मौके पर सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कहा कि पत्रकार और मीडिया कर्मियों की व्यस्तता को देखते हुए, यह कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच के बाद परामर्श प्रदान किया। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने कहा कि भविष्य में भी पत्रकारों के कल्याण के लिए इस तरह के कैम्प आयोजित किए जाएंगे, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पत्रकार हितों के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं, यह कैम्प इसी क्रम में आयोजित किया गया।

निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि कैम्प में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. विवेकानंद सत्यावली, डॉ अंकुर पांडे, डॉ एनएस बिष्ट, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार, ईएनटी डॉ पीयूष त्रिपाठी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शांति पांडे, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमर उपाध्याय, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चित्रा जोशी, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल जोशी, दंत रोग के डॉ. देवाशीष सवाई, डॉ. योगेश्वरी, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ जगदीश सिंह बिष्ट, न्यूरो सर्जन डॉ डीपी तिवारी, पैथोलॉजिस्ट डॉ उमाशंकर कंडवाल, सीएमएस डॉ रविन्द्र बिष्ट, प्राचार्य डॉ गीता जैन, सीनियर रेडियोलॉजी टेक्नीशियन महेंद्र भंडारी सहित पैरामेडिकल स्टाफ भी शामिल हुआ।

19 June 2025_Copy of Layout 1 6/19/2025 1:28 PM Page 2



# संपादकीय

## पीएम मोदी की चेतावनी के बाद सुधर गये डोनाल्ड ट्रंप?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो ''बहुत चतुर'' नेताओं ने एक ऐसा युद्ध जारी न रखने का ''निर्णय'' लिया जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था। पिछले कुछ हफ्तों में यह पहली बार है जब ट्रंप ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रोकने के लिए खुद श्रेय नहीं लिया है। ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद ओवल कार्यालय में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां कीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह मुनीर से मुलाकात कर ''सम्मानित'' महसूस कर रहे हैं। यह पूछने पर कि क्या मुनीर के साथ हुई बैठक में ईरान पर चर्चा की गयी, ट्रंप ने कहा, ''खैर, वे ईरान को बहुत अच्छी तरह, ज्यादातर लोगों से बेहतर जानते हैं और वे किसी भी चीज से खुश नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि इजराइल के साथ उनके खराब रिश्ते हैं। वे असल में दोनों को जानते हैं लेकिन शायद वे ईरान को बेहतर जानते हैं लेकिन वे देख रहे हैं कि क्या चल रहा है और उन्होंने मुझसे सहमति जतायी है।'' ट्रंप ने कहा, ''मैं उन्हें यहां इसलिए बुलाना चाहता था कि मैं युद्ध न करने, संघर्ष खत्म करने के लिए उनका शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। जैसा कि आप जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ समय पहले यहां से गए हैं और हम भारत के साथ एक व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं इसलिए भी मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। हम पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं।'' गौरतलब है कि ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कनाडा के कनैनिस्किस में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के इतर मुलाकात करने का कार्यक्रम था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति को इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण समय से पहले वाशिंगटन लौटना पड़ा, जिसके कारण उनकी मोदी से मुलाकात नहीं हो पायी। हालांकि, दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत की। ट्रंप ने कहा, ''वे दोनों (मोदी और मुनीर) यहां थे लेकिन कुछ सप्ताह पहले मैं मोदी के साथ था। मैं बहुत खुश हूं कि दो बहुत चतुर लोगों ने युद्ध आगे न बढ़ाने का फैसला किया। यह परमाणु युद्ध हो सकता था। वे दो परमाणु संपन्न देश, बहुत बड़ी परमाणु शक्तियां हैं और उन्होंने यह फैसला लिया।''

# प्रभु के साथ अवकाश



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हम सब जिस भी धर्म को मानते हों। सभी धर्मों के दो पहलू हैं एक बाहरी और दूसरा अंदरूनी। हर धर्म के बाहरी तौर तरीके और रस्म–रिवाज़ अलग–अलग होते हैं लेकिन अंदरूनी पहलू सभी धर्मों का एक ही है – परमात्मा की याद या ध्यान–अभ्यास। हम सभी अपने धार्मिक स्थानों पर जाकर बाहरी रीति–रिवाज़ जैसे मोमबत्ती जलाना, घंटी बजाना, खास प्रार्थना या धर्मग्रंथ पढ़ना आदि करते हैं। जिसका उद्देष्य यह है कि सभी कार्य करते हुए हमें प्रभु की तवज्जो मिले। सभी धर्मों की शिक्षाओं के अनुसार प्रभु कहीं बाहर नहीं बल्कि हमारे अंदर विद्यमान हैं और सृष्टि के कण–कण में बसे हुए हैं। ज्यादातर लोग प्रभु को केवल कुछ खास मौकों पर ही याद करते हैं। जैसे कि त्यौहार, मुष्किल के समय में, शादी व जन्मदिन के मौके पर या कभी–कभी छुट्टियों के अवसर पर। ज्यादातर हम लोग अपनी छुट्टियों के समय में बाहर कहीं घूमने जाते हैं लेकिन यह एक ऐसा मौका होता है जब हम दूसरों की सहायता करते हैं। कुछ लोग इसे दूसरों को तोहफा देकर मनाते हैं। हालांकि तोहफों की कीमत मायने नहीं रखती बल्कि उनके पीछे के विचार और प्यार मायने रखते हैं। हम कई प्रकार के तरीकों से यह बता सकते हैं कि हम उनकी कितनी परवाह करते हैं। हम किसी रोते हुए को सांत्वना दे सकते हैं, हम अपने दिल के जज़्बातों को मुस्कुराकर दर्षा सकते हैं। किसी को गले लगाकर तो किसी को प्यार से थपथपा कर, किसी को मीठे बोल बोलकर अथवा किसी की मदद कर हम उनका बोझ कम कर सकते हैं।

छुट्टियों के समय का सबसे अच्छा उपयोग करने के लिए हम संत–महात्माओं के संदेष और प्रभु से एकमेक हुए महापुरुषों का आध्यात्मिक ज्ञान पाकर अपना ध्यान प्रभु की ओर कर सकते हैं। ऐसे मौकों पर हम प्रभु से एकमेक होने के लिए अपने कदम उठा सकते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमने कैसे अपनी छुट्टियों को बिताने की योजना बनाई है। यह एक ऐसा अवसर होता है जब हम कुछ समय शांति से ध्यान–अभ्यास में बैठकर, प्रभु को पाने के लिए अपने ध्यान को अंतर्मुख कर सकते हैं।

जो लोग आध्यात्मिकता के रास्ते पर चल रहे हैं वो यह अच्छी तरह जानते हैं कि छुट्टियों का समय न केवल बाहरी चीज़ों से जुड़ने का है बल्कि अंतर के खज़ानों को पाने का भी है। इस समय हम प्रभु की दिव्य–ज्योति और श्रुति से जुड़ सकते हैं जो हमें परमात्मा के पास वापिस ले जाती है। परमात्मा हमारा अंतर में इंतज़ार कर रहे हैं। जब हम बाहरी दुनिया के प्रेम से जुड़ते हैं तब हमें परमात्मा को नहीं भूलना चाहिए क्योंकि सच्चा प्यार देने वाले परमात्मा हमारे अंतर में विराजमान हैं जो हमें बड़ी बेसब्री से अपनी बाहों में लेना चाहते हैं। परमात्मा को पाने के लिए हमें न केवल इन छुट्टियों के मौसम में बल्कि पूरे साल ध्यान–अभ्यास पर बैठना चाहिए ताकि हम अवकाष समय में प्रभु का अनुभव करते हुए अपने अंदर शांति, प्रेम और आनंद प्राप्त करें। इस तरह हम इन छुट्टियों के मौसम का भरपूर फायदा उठा सकते हैं जिसमें कि हम प्रभु के साथ हमेषा–हमेषा के लिए एकमेक हो जाएं।

# भारत के हर शासकीय कार्यालय में भ्रष्टाचार सत्ता का दुरुपयोग, बिना निर्धारित प्रारूप में ज़रूरी



## शासकीय प्रताड़ना से पीड़ित अनेको ग्रामीण, अशिक्षित भोलीभाली जनता की शिकायतें बिना निर्धारित प्रारूप के खारिज़ हो जाती है

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर आज दुनियाँ का हरदेश भ्रष्टाचार सत्ता का दुरुपयोग,कर्तव्यों की अवहेलना,भेदभाव से नागरिकों का उत्पीड़न हो रहा है। हालांकि उपरोक्त सभी उलेखित कर्मचारी अधिकारियों को सजा देने के लिए हर देश में कानून नियम विनियमन व्यवस्थाएं बनीं हुई हैं,परंतु हर प्रदेश की प्रक्रिया अलग–अलग हो सकती है,जबकि उद्देश्य एक ही है कि उन पदों पर बैठे हुए व्यक्तियों की यह दबंगई बंद होना चाहिए, व आम नागरिकों के हित व सेवा में उनके द्वारा अपनी सेवाओं को समर्पित रखना चाहिए।

जिसके लिए आम जनता के पास सबसे बड़ा हथियार उनकी शिकायत करना है, ताकि शासन के अति उच्च पदों पर बैठे जनता के प्रति जवाबदेह उनपर कार्रवाई कर सके, परंतु अनेकों विभागों में शिकायतों के निर्धारित प्रारूप बनाया गया है, जो पीड़ितों के लिए परेशानी का सबक बन गए है, जिसके लिए वे शिकायतें नहीं कर पाते और शिकायत करने में उनका संबंधित कर्मचारी सहयोग करते हैं।इस विषय परआज हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि, भारत के भ्रष्टाचार रोधी निकाय लोकपाल ने हाल में कहा कि निर्धारित प्रारूप के बिना भ्रष्टाचार की शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने 5 जून 2025 के परिपत्र में कहा कि लोकपाल के पास अपने आदेशों की समीक्षा करने का अधिकार नहीं है। तथा विभागों में मुझे स्वयं भी फॉर्मेट में शिकायत की बात कही गई थी,चूँकि शासकीय प्रताड़ना से पीड़ित शिक्षित ग्रामीण भोली भाली जनता की शिकायतें बिना निर्धारित प्रारूप के खारिज हो जाती है, अधिकारी कर्मचारी उनका सहयोग नहीं करते, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत के हर शासकीय कार्यालयों में रिश्वतखोरी भ्रष्टाचार ,सत्ता का दुरुपयोग, कर्तव्यों की अवहेलना भेदभाव उत्पीड़न की शिकायतों को बिना निर्धारित प्रारूप में याने सादे कागजों पर भी करना जरूरी हो यदि हम भ्रष्टाचार व कर्तव्यों की अवहेलना इत्यादि बुराइयों से तंग है तो आइए उनकी शिकायतों की प्रक्रिया को बहुत गहराई से समझें।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार को समझने की करें तो, भ्रष्टाचार एक ऐसा अपराध है, जो हमारे देश को सामाजिक और आर्थिक रुप से बहुत नुकसान पहुँचाता है। कुछ लोग अपनी नामी व ताकत का गलत इस्तेमाल करके ऐसे अपराधों को बढ़ावा देते है, जिसके कारण देश के गरीब लोगों के साथ बहुत ही अन्याय होता है। आज यह समस्या इतनी बढ़ गई है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, और न्याय व्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं से जुड़े लोग भी भ्रष्ट हो गए है। जब तक हम इस समस्या को समझ नहीं पाएंगे, तब तक हम इसके खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ सकते। इसलिए आज के लेख द्वारा हम इस विषय से जुडी पूरी जानकारी समझने की कोशिश करेंगे जैसे कि भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून और भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज करने के कानूनी विकल्प क्या है? भ्रष्टाचार के अपराध में मिलने वाली सजा व कानूनी प्रावधान?हर दिन हमें ऐसी खबरें देखने और सुनने को मिलती हैं जहां किसी सरकारी कर्मचारी ने रिश्वत ली, किसी ठेकेदार ने विकास परियोजनाओं में धोखाधड़ी की, या किसी उच्च अधिकारी ने अपनी शक्ति का गलत इस्तेमाल बहुत ही दबंगई के साथ किया।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनी प्रावधानों व अधिकारों को समझने की करें तो,भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए कई कानूनी अधिकार और प्रावधान मौजूद हैं,आइये इन्हें आसान भाषा में जानते हैरू– (1) सूचना का अधिकार (आरटीआई) इसके अनुसार कोई भी व्यक्ति सरकारी विभागों से जानकारी मांगसकता है, और यदि उस जानकारी में भ्रष्टाचार के कोई भी सबूत मिलते हैं, तो ऐसे अपराधों को सभी के सामने लाया जा सकता है। हम आरटीआई आवेदन ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा कर सकते हैं।आरटीआई दर्ज कराते समय बिल्कुल साफ व स्पष्ट तरीके से यह बताना होता है कि हम किस जानकारी के लिए सूचना का अधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। (2)भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम,1988 भारतीय कानून का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार को रोकना और सरकारी कर्मचारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई करना है। यह कानून कर्रप्शन के मामलों में दोषी अधिकारियों को दंडित करने के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत सरकारी कर्मचारियों द्वारा रिश्वत लेने, घूस देने, या किसी अन्य प्रकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। (3) लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम 2013 के तहत भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए संस्थाएँ बनाई गई हैं। लोकपालरू केंद्र सरकार के अधिकारियों, मंत्रियों और कर्मचारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच करता है। लोकायुक्तरू यह राज्य स्तर पर भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करता है और राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करता है। (4) व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट 2014 का उद्देश्य उन व्यक्तियों की रक्षा करना है, जो सरकारी अधिकारियों या संस्थाओं द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जानकारी को देते है। ऐसे लोगों को आम भाषा में मुखबिर (यानि खबर देने वाला) कहा जाता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे किभारत के हर शासकीय कार्यालय में रिश्वतखोरी,भ्रष्टाचार सत्ता का दुरुपयोग,कर्तव्यों की अवहेलना,भेदभाव उत्पीड़न की शिकायत, बिना निर्धारित प्रारूप में जरूरी,शासकीय प्रताड़ना से पीड़ित अनेको ग्रामीण,अशिक्षित भोलीभाली जनता की शिकायतें बिना निर्धारित प्रारूप के खारिज हो जाती है–अधिकारी कर्मचारी सहयोग नहीं करते भ्रष्टाचार, सत्ता का दुरुपयोग,कर्तव्यों की अवहेलना से आम नागरिकों को स्वास्थ्य,शिक्षा,प्रशासन,न्याय व्यवस्था में परेशानी से तंग है तो आइए उनकी शिकायत की प्रक्रिया समझें।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

19 June 2025_Copy of Layout 1 6/19/2025 1:28 PM Page 3



# नंदा राजजात यात्रा में यात्रा मार्ग पर दूरसंचार की व्यवस्थाओं के साथ डिजिटल ट्रेकिंग सिस्टम बनाया जाए: मुख्यमंत्री

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखण्ड में 2026 में होने वाली नदां देवी राजजात यात्रा की सभी तैयारियों में तेजी लाई जाए। भव्य नंदा राजजात यात्रा के आयोजन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। यात्रा की बेहतर व्यवस्थाओं के लिए जन प्रतिनिधियों, नंदा राजजात यात्रा समिति के सदस्यों और हितधारकों के सुझाव लिये जाएं। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को वर्चुअल बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बैठक लेते हुए।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि नंदा राजजात यात्रा के सफल संचालन के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाए। पिछली यात्राओं के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। यात्रा से संबंधित सभी पैदल मार्गों की अच्छी व्यवस्थाओं के साथ स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। यात्रा के पड़ाव पर श्रद्धालुओं को ठहरने की बेहतर व्यवस्थाओं के साथ ही भोजन और स्नान घरों की व्यवस्था के भी उन्होंने निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। यात्रा के दौरान उच्च हिमालयी क्षेत्रों में विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। यात्रा मार्ग पर दूरसंचार की व्यवस्थाओं के साथ डिजिटल ट्रेकिंग सिस्टम बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत यात्रा के दौरान हेल्पलाईन नंबर जारी किया जाए। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। मेडिकल कैंप और चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यात्रा के दौरान हेली एम्बुलेंस की व्यवस्था भी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नंदा राजजात यात्रा बरसात के समय होती है, इसके दृष्टिगत संक्रामक रोगों से बचाव के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये जाएं। यात्रा के अधिकतम पड़ाव वन क्षेत्र में होने के कारण वन और पर्यावरण की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। श्रद्धालुओं के लिए टेंट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नंदा राजजात से संबंधित लोक गीत और लोक कथाओं का अभिलेखीकरण भी किया जाए। पर्यटन विभाग द्वारा यात्रा के पड़ावों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नदां राजजात यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन और यातायात सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। पार्किंग स्थलों पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यात्रा मार्गों पर पेयजल, शौचालय अवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि वे प्रतिमाह नदां राजजात यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करें। गढ़वाल और कुमांऊ आयुक्त भी प्रत्येक सप्ताह यात्रा से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

## गृह क्लेश में पति ने पत्नी की हत्या कर की खुदकुशी

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र के जमालपुर के वसंत कुंज में एक व्यक्ति ने पहले पत्नी की हत्या की फिर खुदकुशी कर ली। अचानक हुई इस दिल दहलाने वाली घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़ दोनों शवों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टिया यह मामला गृह कलेश से जुड़ा बताया जा रहा है।

इस वारदात की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस जब मौके पर पहुंची, सामने आया कि घर का मुख्य द्वार अंदर से बंद था। कई बार दरवाजा खटखटाना पर भी अंदर से जब कोई नहीं निकला, तब पुलिस जैसे–तैसे छत पर पहुंची। जहां एक व्यक्ति मृत पड़ा मिला. पुलिस जब नीचे घर में दाखिल हुई,तो वहां का मजर देख पुलिस भी हैरानी में पड़ गयी। बेड पर मृतक की पत्नी का भी खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था, जिसके सिर पर डंडे और सरिया के गहरे निशान थे।

## स्टंट दिखाकर सोशल मीडिया में फेमस होने की चाह में दो युवक पहुंच गए थाने, वाहन सीज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सोशल मीडिया में मशहूर होने के शौक के चलते रैश ड्राईविंग व स्टंट कर अपलोड करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड वाहनों को सीज कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आईडी से काले रंग के थार वाहनों से रैश ड्राइविंग, वाहन के शीशों पर काली फिल्म लगाकर स्टंट ड्राइविंग किये जाने की रीलें लगातार वायरल हो रही थी। थार गाड़ी में आगे गाड़ी का नम्बर नहीं था और पीछे लगी नम्बर प्लेट पर गाड़ी कानंबर लिखा था।

उक्त वायरल रील्स का स्वतः संज्ञान लेते हुए एसएसपी देहरादून द्वारा वाहन के चालक के विरूद्व कठोर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। उक्त निर्देशों के क्रम में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये उक्त वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर से वाहन स्वामी के विषय में जानकारी की गई तो वाहन का जमालुद्दीन पुत्र नूरुद्दीन निवासी मित्र लोक कॉलोनी के नाम पर रजिस्टर्ड होना प्रकाश में आया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा बिंदाल क्षेत्र में तलाशी के दौरान पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान चालक अयान से वाहन के कागज मागे गये तो अयान वाहन के सम्बन्ध में कोई कागज व अपना ड्राइविंग लाइसेंस प्रस्तुत नही कर पाया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन चालक के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही करते हुये वाहन को सीज किया गया। जिसके शीशों पर भी काली फिल्म चढी हुई थी को भी तलाशी ली गयी।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ वेयर हाउस का निरीक्षण किया।

आज यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने मंगलवार को जनपद हरिद्वार स्थित वेयर हाउस पहुंचकर तैर्मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में डबल लोक में रखी बीयू, सीयू, वीवीपैट का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गहनता से निरीक्षण किया और वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि अग्निशमन यंत्रों को एक्सपायर होने से पहले ही बदल दिया जाए। उन्होंने बरसात के दृ



वेयर हाउस का निरीक्षण करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी।

ष्टिगत ईवीएम को सीलन से बचाव तथा विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशाकृ निर्देश दिये। ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर सभी दलों के प्रतिनिधियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कंट्रोल रूम, ईवीएम एवं वीवीपीएटी रूम, आगंतुक पंजिका, पुलिस निरीक्षण पंजिका, पॉवर सप्लाई, फायर फाइटिंग उपकरण, पुलिस कर्मियों की तैनाती, वेयर हाउस परिसर के चारों ओर सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं आदि का विस्तार से जायजा लिया।

## श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने प्रेस क्लब की स्मारिका गुलदस्ता का विमोचन किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तरांचल प्रेस क्लब प्रतिनिधिमण्डल सदस्यों ने मंगलवार को श्री दरबार साहिब में माथा टेका। उन्होंने श्री दरबार साहिब के सज्जादे गद्दी नशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज के साथ शिष्टाचार भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया।

उत्तरांचल प्रेस क्लब अध्यक्ष भूपेन्द्र कंडारी व अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवम् सामाजिक कल्याण के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज को प्रेस क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



उत्तरांचल प्रेस क्लब पदाधिकारी महंत देवेन्द्र दास से मुलाकात करते हुए।

इस अवसर पर श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी ने उत्तरांचल प्रेस क्लब की स्मारिका गुलदस्ता का विमोचन किया। भेंटवार्ता के दौरान पत्रकारों के स्वास्थ्य विषयों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

प्रेस क्लब प्रतिनिधिमण्डल ने प्रेस क्लब सदस्यों के लिए श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की ओर से एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने का भी प्रस्ताव रखा।

मंगलवार को श्री दरबार साहिब की परंपरा के अनुसार उत्तरांचल प्रेस क्लब पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज के साथ भेंटवार्ता के दौरान प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने मीडिया कर्मियों के जीवन से जुडी समस्याओं एवम् चुनौतियों को भी सांझा किया। काबिलेगौर है कि सच्ची, निर्भीक और जनपक्षधर पत्रकारिता को हमेशा सम्मान मिला है। इस प्रकार की पत्रकारिता प्रकाशस्तम्भ की तरह चमकती है।

श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने कहा कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है। पत्रकारिता प्राचीन समय से ही समाज को दिशा देती आ रही है। उन्होंने प्रेस क्लब प्रतिनिधिमण्डल सदस्यों का स्वागत किया और पत्रकारों के द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों के लिए बधाई एवम् शुभकामनाएं दीं। उत्तरांचल प्रेस क्लब अध्यक्ष भूपेन्द्र कंडारी ने कहा कि एसजीआरआर ग्रुप के संस्थानों के द्वारा समाज हित में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं।

19 June 2025_Copy of Layout 1 6/19/2025 1:28 PM Page 4



# डीएम का पूरे 2 घंटे का औचक निरीक्षण, ऋषिकेश चिकित्सालय में बनेगा मॉडल टीकाकरण कक्ष

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने आज उप जिला चिकित्सालय ऋषिकेश का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय के ओपीडी कक्ष, पैथोलॉजी लैब, दवाई वितरण कांउटर, सर्जिकल वार्ड, आपरेशन कक्ष, टीकाकरण कक्ष, टीबी वार्ड, ट्रामा सेन्टर, बाल रोग वार्ड, एक्स–रे कक्ष, आईसीयू का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से उनका हॉलचाल जाना तथा टीकाकरण कक्ष में स्टॉप, महिलाओं, तीमारदारों से चिकित्सालय में व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली। लिफ्ट संचालित न होने तथा आरओ खराब होने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को फटकार लगाते हुए तत्काल व्यवस्था बनाने के निर्देश। जिलाधिकारी ने टीकाकरण विस्तारीकरण, टीकाकरण कक्ष में एसी, डिजिटल प्रिंटर लगाने, टीकाकरण में स्टॉप बढाने तथा



अस्पताल का निरीक्षण करते डीएम।

एसएनसीयू संचालन के लिए स्टॉफ भर्ती स्वीकृति/निर्देश दिए। सीएम के निर्देश जनमन के सरकारी चिकित्सालय हो सुविधायुक्तकरने के निर्देशों के क्रम में डीएम जिले में सरकारी अस्पतालों को आधुनिक सुविधाओं से आच्छादित करने में जुटे है। डीएम का पूरे 2 घंटे का औचक निरीक्षण, चिकित्सालय को दे गया सौगात, जल्द होगा अस्पताल का अपना `छब्ब् बड़ा टीकाकरण केन्द्र। जिला चिकित्सालय की तर्ज पर अब ऋषिकेश चिकित्सालय में बनेगा मॉडल टीकाकरण कक्ष, विस्तारीकरण के साथ फैसिलिटी भी, एसी, व बच्चों के मनोरंजन अनुरूप सुविधा स्थापित किया जाएगा। डीएम के माह अक्टूबर के प्रथम निरीक्षण की तुलना इस विजिट में चिकित्सालय की सुविधा में बड़ा अन्तर दिखाई दिया है। डीएम ने सुविधाओं को निरंतर बढाने के निर्देश दिए। उप जिला चिकित्सालय की अपनी पहली विजिट में डीएम ने 40 लाख ब्लड सेपरेटर मशीन की थी स्वीकृत की थी जो इसी माह स्थापित की जा रही है। डीएम ने लैब टेक्निशियन, एसएनसीयू स्टॉफ पदों की मौके पर ही स्वीकृति दी। डीएम ने अपनी फर्स्ट विजिट; में चिकित्सालय का आईसीयू संचालित कराया था माह में लगभग 50 मरीज लाभ ले रहे हैं। चिकित्सालय में संचालित चन्दन लैब में अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर करते हुए डीएम ने सीएमएस को 15 दिन में व्यवस्था सुधारने के सख्त निर्देश दिए। वहीं चन्दन लैब अब 24×7 रहेगी संचालित करने तथा लैब का भुगतान एसडीएम एसीएमओ के सत्यापन उपरान्त ही दिए जाने को कहा। डीएम ने चिकित्सालय में महिला,पुरूष, बुजुर्ग एवं सामान्य वर्ग के हांगे अलग–2 दवा वितरण कांउटर बनाने के निर्देश दिए।

## घुघुती पक्षी का शिकार करने के आरोप में पर्यटक गिरफ्तार

**नैनीताल।** जिले के सातताल क्षेत्र में मौज–मस्ती के लिए घुघुती पक्षी का शिकार करना पर्यटक को महंगा पड़ गया। इस मामले में वन विभाग ने घुघुती का शिकार करने के आरोपी पर्यटक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश से कुछ पर्यटक नैनीताल जिले में घूमने आए थे। इस मामले में अमित सेमुअल पुत्र मौरिस गिड़िया सैमुअल, निवासी नैनी इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश को पक्षी का शिकार करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। घुघुती के शिकार के मामले में जानकारी देते हुए एसडीओ ने बताया कि स्थानीय लोगों की शिकायत और वीडियो के आधार पर सातताल एस्टेट में गरुड़ ताल के समीप पक्षी का शिकार करने का मामला संज्ञान में आया था। जिसके बाद वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए इलाहाबाद निवासी अमित सेमुअल पुत्र मौरिस गिड़िया सैमुअल को पक्षी घुघुती का शिकार करने के मामले में वन क्षेत्राधिकारी भवाली की टीम द्वारा गिरफ्तार किया है।

## हरिद्वार में पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, भारी नुकसान का अंदेशा, जांच में जुटी पुलिस

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पटाखों की फैक्ट्री में बुधवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा तफरी फैल गयी। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर सर्विस मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू किये गये तथा घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की चपेट में आकर कई कर्मचारियों के घायल होने की बात कही जा रही है वहीं कुछ पशुओं के भी मारे जाने की सूचना है। वहीं पुलिस आग लगने के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

मामला बहादराबाद थाना क्षेत्र के मूल दासपुर माजरा गांव का है। जानकारी के अनुसार यहां एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक आग लग गई जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काफी देर तक वहां से धमाकों की आवाजें आती रहीं। वहीं आशंका जताई जा रही है कि हादसे के वक्त फैक्ट्री के अंदर कुछ कर्मचारी भी मौजूद थे जो घायल हुए है।

बताया जा रहा है कि बहादराबाद थाना क्षेत्र के मूलदासपुर माजरा में एक पटाखा फैक्ट्री संचालित हो रही थी। फैक्ट्री में लगातार पटाखों का निर्माण कार्य चल रहा था। बुधवार की सुबह अचानक फैक्ट्री में आग लग गई। काम कर रहे कमर्चारियों ने पहले आग पर काबू पाने का प्रयास किया फिर जान बचाकर बाहर की ओर भागे। धमाकों की आवाज सुनकर मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई उन्होंने बचाव कार्य शुरू किया।

## सैनिक के साथ मारपीट मामले को लेकर प्रीतम सिंह ने किया थाने का घेराव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चकराता से कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह बुधवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ त्यूणी थाने पहुंचे और थाने का घेराव कर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। आरोप है कि बीते दिनों त्यूणी थाना पुलिस ने सेना के जवान के साथ मारपीट की थी। इस मामले में विभाग वैसे तो दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड भी कर चुका है। लेकिन पुलिस की इस कार्रवाई से कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह और स्थानीय जनता संतुष्ट नहीं है।



थाने के घेराव के दौरान कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह।

विधायक प्रीतम सिंह ने साफ किया है कि वो इस मामले को सदन में भी उठाएंगे और जरूरत पड़ी तो हाईकोर्ट भी जाएंगे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस–प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की. । लोगों ने त्यूणी थाना पुलिस पर उत्पीड़न और भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बीते दिनों त्यूणी थाना क्षेत्र में तलाशी के दौरान पुलिसकर्मियों ने सेना के जवान के साथ अभद्रता और बर्बरता की है।

चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने घटना की निंदा करते हुए आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। वैसे मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आलाधिकारियों ने दो सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया था, लेकिन प्रदर्शनकारी पुलिस की इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। इसलिए आज चकराता विधायक प्रीतम सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने त्यूणी थाने का घेराव किया।

# भारत वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर: डॉ. मनसुख मांडविया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में हमारी यात्रा अनवरत जारी है, और इस दृष्टि योजना के सबसे प्रभावकारी शक्तियों में भारतीय खेलों का उदय भी शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय खेल, वैश्विक मंच पर नित नई ऊंचाईयां छू रहा है। जमीनी स्तर से लेकर विश्व विजेता मंच तक, प्रधानमंत्री की भविष्यदृष्टि ने खेलों के प्रति भारत के दृष्टिकोण को बदल कर रख दिया है। इससे विश्व स्तरीय सहायता, अत्याधुनिक सुविधाएं तथा प्रतिभा और कड़ी



मेहनत को पुरस्कृत करने की पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित हुई है।

हाल में, भारतीय एथलीटों ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपने असाधारण प्रदर्शनों से देश को गौरवान्वित किया है। दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2025 या मंगोलिया के उलानबटार में चौथी विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला हो, हमारे खिलाड़ियों ने धैर्य और गौरव के साथ दमदार प्रदर्शन किया। एशियाई एथलेटिक्स चौंपियनशिप में, भारतीय दल ने शानदार प्रदर्शन कर 24 पदक हासिल किए और इस दौरान कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी ध्वस्त कर दिए।

इसी दौरान हमारी महिला पहलवानों ने इतिहास रच दिया। मंगोलिया से वे रिकॉर्ड 21 पदक जीतकर लौटीं जो विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। पर यह सफलता रातोंरात नहीं मिली है। इससे पहले, भारत ने पूर्व के 23 आयोजनों (आजादी से पहले सहित) में केवल 26 ओलंपिक पदक जीते थे। जबकि 2016, 2020 और 2024 के पिछले तीन आयोजनों में ही भारत ने 15 पदक जीते हैं। पैरालिंपिक खेलों में प्रदर्शन और भी बेहतर रहा है। 1968 से 2012 के बीच कुल 8 पदक जीतने वाले भारत ने पिछले तीन आयोजनों में 52 पदक हासिल किए हैं, जिसमें पेरिस 2024 में जीते गए रिकॉर्ड 29 पदक शामिल हैं। ये उपलब्धियां कोई संयोग नहीं हैं। ये पिछले ग्यारह वर्षों में तैयार किए गए प्रदर्शन–संचालित पारिस्थितिकी तंत्र का सुखद परिणाम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट और केंद्रित दृष्टिकोण है कि प्रत्येक एथलीट, चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो उसे विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, ढांचागत सुविधा, वित्तीय सहायता, एथलीट–केंद्रित सुशासन और आगे बढ़ने के लिए पारदर्शी प्रणाली की पहुंच मिलनी चाहिए।

राष्ट्रीय खेल महासंघों को भी अभूतपूर्व व्यापक समर्थन मिला है। अंतर्राष्ट्रीय आयोजन और राष्ट्रीय चौंपियनशिप आयोजित करने के लिए उन्हें दी जाने वाली वित्तीय सहायता लगभग दोगुनी हो गई है। खेल प्रशिक्षकों–कोच को दी जाने वाली राशि में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

19 June 2025_Copy of Layout 1 6/19/2025 1:28 PM Page 5



# बिंदुखत्ता राजस्व गांव पर धोखाधड़ी बंद करने, आवारा गोवंश के स्थाई समाधान को लेकर किसान महासभा का धरना प्रदर्शन

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** किसान महासभा के नेतृत्व में बिंदुखत्ता के ग्रामीणों ने विशाल प्रदर्शन करते हुए बिन्दुखत्ता वासियों को मालिकाना हक के साथ बिन्दुखत्ता को राजस्व गाँव बनाने की अधिसूचना जारी करने और आवारा गोवंश की समस्या का स्थाई समाधान के लिए गोवंश की सरकारी खरीद की गारंटी और आवारा गाय बैलों के कारण किसानों की फसल के नुकसान की भरपाई, दुर्घटना में मारे गए लोगों एवं घायलों को मुआवजा दिए जाने की मांग के लिए शहीद स्मारक पर विशाल प्रदर्शन और जन सभा का आयोजन किया।

बिंदुखत्ता राजस्व गांव पर धोखाधड़ी बंद करने, आवारा गोवंश की समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग उठाते हुए भाकपा माले के उत्तराखण्ड राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि, भाजपा सरकार गरीबों को उजाड़ने वाली सरकार है, इसलिए बिना जनता के संघर्ष के यह राजस्व गांव बनाने वाली नहीं है। बिंदुखत्ता की जनता के लंबे जन संघर्ष के बाद दो दो मुख्यमंत्रियों द्वारा बिंदुखत्ता राजस्व गांव की घोषणा करने के बावजूद अभी तक राजस्व गांव की अधिसूचना जारी नहीं की जा रही है। ऐसा लगता है कि राज्य सरकार और लालकुआं विधायक जनता को इसी भ्रम में डालकर अपने पांच साल का कार्यकाल बिता देना चाहते हैं। बिंदुखत्ता की जनता ने बसासत से लेकर हर विकास कार्य पहले भी अपने संघर्ष के बल पर ही हासिल किया है राजस्व गांव भी जनसंघर्ष के बलबूते ही हासिल होगा। किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा कि, राज्य की भाजपा सरकार के किसान विरोधी और पशुपालक विरोधी, कारपोरेट परस्त नीतियों के चलते किसानों को उनके खेती किसानी से उजाड़ने के साथ पुश्तैनी आजीविका का साधन गोवंश आज कूड़ा बन चुका है।



बिंदुखत्ता राजस्व गांव और गोवंश को लेकर तहसील प्रशासन को ज्ञापन देते किसान महासभा के पदाधिकारी।

आज पशुपालकों के लिए गोवंश आर्थिक नुकसान के साथ बोझ, किसानों की किसानी और फसलों की बर्बादी का कारण तथा रास्तों – सड़कों में दुर्घटनाओं का कारण बन गया है। सरकार जनित इस समस्या के समाधान के लिए सरकार कतई गंभीर नहीं है। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन तहसील के रजिस्ट्रार कानूनगो मोहित बोरा और उप राजस्व निरीक्षक पूजा रानी के माध्यम से भेजा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता बहादुर सिंह जंगी और संचालन विमला रौथाण ने की। प्रदर्शन में किसान महासभा के जिला अध्यक्ष भुवन जोशी, जिला सचिव चन्दन राम, माले जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय, वरिष्ठ नेता आनन्द सिंह सिजवाली, बागजाला किसान महासभा के सचिव वेद प्रकाश, प्रचार सचिव पंकज चौहान, किशन बघरी, राजेन्द्र सिंह बोरा, पुष्कर दुबड़िया, गोविन्द जीना, बिंदुखत्ता व्यापार संघ के अध्यक्ष प्रभात पाल, ललित मटियाली, धीरज कुमार, दीवान राम, कमलापति जोशी, निर्मला शाही, सरिता जंगी, पूजा, अंगद, पनी राम, त्रिलोक राम, दीपा, नीमा बिष्ट, त्रिलोक सिंह दानू, पनुली देवी, किशन जग्गी,नीमा कोरंगा, अनीता भंडारी, चंद्रा, हरीश राम, आनंद सिंह दानू, अनीता देवी आदि सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

## एक पृथ्वी, स्वस्थ संसार – संत निरंकारी मिशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देशव्यापी आयोजन

**हल्द्वानी।** संत निरंकारी मिशन द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर शनिवार, 21 जून 2025 को प्रातः 6:00 बजे भारतवर्ष के 1000 से अधिक स्थानों पर एक साथ 'योग दिवस' का भव्य आयोजन किया जाएगा। मिशन की विभिन्न शाखाओं में यह आयोजन स्थानीय योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खुले मैदानों एवं पार्कों में किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु, सेवादल स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी दी कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 'योग दिवस' का नियमित रूप से देशव्यापी आयोजन किया जा रहा है। यह पहल सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से निरंतर विस्तारित हो रही है, उनके विचारों में यह स्पष्ट है कि मानव शरीर ईश्वर की एक अनुपम देन है जिसे स्वस्थ और सशक्त बनाकर ही मानव अपने आध्यात्मिक और सामाजिक कर्तव्यों का सम्यक रूप से निर्वहन कर सकता है।

## एसबीआई ने स्थापना दिवस की पूर्व बेला पर रक्तदान शिविर में किया 62 यूनिट रक्त एकत्र

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक द्वारा संकल्पित 70000 यूनिट रक्त एकत्र करने के संकल्प के अनुरूप भारतीय स्टेट बैंक लालकुआं की शाखा में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, इस मौके पर पांच दर्जन से अधिक समाजसेवियों एवं बैंक कर्मियों ने रक्तदान किया।

एसबीआई की लालकुआं शाखा में आयोजित रक्तदान शिविर बुधवार की प्रातः 10 बजे से शुरू हुआ, जो कि दोपहर बाद तक चलता रहा, इस दौरान शोबन सिंह जीना बेस अस्पताल की चिकित्साधिकारी डॉ स्मिता पांगती के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान शिविर के व्यवस्थापक एसबीआई प्रशासनिक कार्यालय से आए गिरीश सायना और राजीव कुमार थे। दोपहर बाद तक कुल 62 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, बैंक के शाखा प्रबंधक मुकेश बमेटा के मुताबिक एसबीआई ने 70 वीं स्थापना दिवस के अवसर पर देशभर में 70 हजार यूनिट रक्त एकत्र करने का संकल्प लिया है, जिसके तहत प्रत्येक शाखा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, इस अवसर पर एसबीआई के अधिकारी अमित पांगती, बीडी कांडपाल, विनोद नेगी, बिमला अटवाल, नवीन चंद्र, राहुल, पुष्कर जीना, गिरीश मौनी और हरीश गोस्वामी सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

## डंपर की बाइक से भिड़ंत, पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगर के स्टोन क्रेशर में आरबीएम डालने आए डंपर की स्टोन क्रेशर के मुख्य द्वार के पास बजरी कंपनी की ओर को जा रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई, परिणाम स्वरुप बाइक में सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें आनन–फानन में पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं लाया गया, जहां से हल्द्वानी हायर सेंटर को रेफर कर दिया गया है।



पीएचसी लालकुआं में घायल बालक का उपचार करते चिकित्सक।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दोपहर को लगभग 12रू30 बजे बजरी कंपनी लालकुआं निवासी सूरजपाल कश्यप जो कि भगवती मंदिर के पास चाट का ठेला लगाते हैं, अपने 13 वर्षीय पुत्र अनुज कश्यप के साथ सामान लेकर बाजार से बाइक द्वारा आ रहे थे कि हल्द्वानी स्टोन क्रेशर के मुख्य द्वार के पास डंपर और बाइक की भिड़ंत हो गई, और पिता सूरज पाल कश्यप उम्र 40 वर्ष तथा बेटा अनुज कश्यप उम्र 13 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर को रेफर कर दिया, जिसमें अनुज की हालत गंभीर बनी हुई है।

# उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए क्षेत्रीय पार्टियों से एकजुट होने की अपील की

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड राज्य की दिन प्रतिदिन होती बदहाल स्थिति को देखते हुए उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने उत्तराखंड की क्षेत्रीय पार्टियों एवं जनपक्षधर संगठनों को एकजुट करने , 2027 विधानसभा चुनाव में क्षेत्रीय पार्टियों एवं जन संगठनों का राजनीतिक मोर्चा बनाने को लेकर 21– 22 जून 2025 शनिवार व रविवार को सांय 4 बजे से अग्रवाल सभा भवन रामनगर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी, केंद्रीय महासचिव दिनेश उपाध्याय



,केंद्रीय कोषाध्यक्ष विनोद जोशी, राज्य आंदोलनकारी पान सिंह नेगी ने 21–22 जून को रामनगर में होने वाली बैठक के लिए नैनीताल हल्द्वानी में क्षेत्रीय पार्टियों,जन संगठनों , अधिवक्ताओं व बुद्धिजीवियों से जनसंपर्क किया तथा उन्हें बैठक में आने का आमंत्रण दिया।

उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी ने प्रेस को जारी बयान में बताया है कि राज्य निर्माण आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाली उत्तराखंड की जनता चाहती है कि उत्तराखंड की क्षेत्रीय पार्टियां अपने मतभेद एवं अहम को त्याग कर चुनाव में एकजुट होकर सत्ता हासिल कर शहीदों के सपनों को साकार करें। जिसमें कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) व भाजपा (एनडीए गठबंधन) के खिलाफ 2027 विधानसभा चुनाव में क्षेत्रीय पार्टियों का मोर्चा बने जो उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2027 में बहुमत हासिल कर उत्तराखंड में सरकार बना कर शहीदों के सपनों तथा राज्य की अवधारणा को साकार करें। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी ने बताया कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी पार्टी ,केंद्रीय पदाधिकारी उत्तराखंड के क्षेत्रीय पार्टियों एवं जन संगठनों से मिलकर उन्हें बैठक में आने का आमंत्रण दिया है। प्रभात ध्यानी ने बताया कि बैठक में शामिल होने के लिए उत्तराखंड क्रांति दल , स्वराज हिंद फौज , भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी, उत्तराखंड देवभूमि पार्टी, राष्ट्रीय रीजनल पार्टी, उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा, उत्तराखंड महिला मंच सहित विभिन्न जन संगठनों एवं बुद्धिजीवियों से संपर्क किया है।

# भरी दोपहरी घर में घुसकर चोरों ने लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर किये चोरी, मचा हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी

**लालकुआं / हल्दूचौड़। (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हल्दूचौड़ स्थित बमेटा बंगर खीमा गांव में दोपहर को परिवार की गैरमौजूदगी में तीन घंटे के भीतर चोर मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने–चांदी के जेवर चोरी कर फरार हो गए। घटना के दौरान परिवार पास के गांव हरिपुर लच्छी गया हुआ था। और महज तीन घंटे बाद लौटा तो घर की हालत देखकर सहम गया। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



क्षेत्र में हुई चोरी की घटना की जांच करते पुलिस अधिकारी।

हल्दूचौड़ स्थित बमेटा बंगर खीमा गांव निवासी देवेन्द्र जोशी जो कि बाहर नौकरी करते हैं की पत्नी गीता जोशी घर पर अपनी दो बेटियों के साथ में रहती हैं उनकी बेटियां बच्चों को ट्यूशन पढातीं है। आज प्रातः लगभग 11 बजे गीता जोशी पड़ोस के गांव हरिपुर लच्छी में अपने मायके परिवार के साथ गई थी। इसी बीच अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े घर का ताला तोड़ कर आलमारियों तथा बैंड में रखें सोने –चाँदी के जेवर जिसमें तीन तोला सोने के और एक चांदी की पायल चोरी करके फरार हो गए। दोपहर करीब ढाई बजे जब परिवार लौटकर घर आया तो देखा कि आगे का दरवाजा अंदर से बंद है। जिसके बाद उन्होंने पीछे का दरवाजा खोला और घर में घुसे तो सभी दंग रहे गए। कमरों के ताले टूटे पड़े थे। अलमारी और बैंड में रखा सामान बिखरा था, सोने –चांदी के जेवर गायब थे। उन्होंने तुरंत ही पुलिस को सूचना दी, जिसपर दलबल के साथ मौके पर पहुंची पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपशिखा अग्रवाल एवं कोतवाल दिनेश फर्त्याल ने आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ–साथ क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज चेक करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। तथा पीड़ित परिवार से भी विस्तृत जानकारी जुटाई। पीड़ित परिवार ने सोने के लगभग तीन तोला से बने जेवर, और चांदी की पायल चोरी होने की बात कही है। इधर पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपशिखा अग्रवाल ने कहा कि बमेटा बंगर खीमा में आज दोपहर को परिवार की गैरमौजूदगी में चोरी की घटना हुई है। जिसका मौका मुआयना किया गया है, उन्होंने कहा कि चोरी के खुलासे को पुलिस टीम में लगाई गई है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वही पीड़ित परिवार ने कोतवाली पुलिस से माल बरामद करते हुए उक्त घटना के खुलासे की गुहार लगाई है। इधर उक्त गांव के पूर्व ग्राम प्रधान मुकेश दुम्का ने कहा कि हल्दूचौड़ क्षेत्र में पिछले 6 माह से लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही है, स्थानीय पुलिस प्रशासन ने अब तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं किया है, जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है, उन्होंने अभिलंब बमेटा बंगर खीमा में हुई उक्त चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस से माल बरामद की की मांग की है।

## परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्रवाई में 108 वाहनों के चालान तीन वाहन सीज

**नैनीताल।** परिवहन विभाग के द्वारा सघन प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए 108 वाहनों के चालान किये और एक ट्रक , पिकअप और ई रिक्शा वाहन को सीज किया। सहायक परिवहन अधिकारी प्रवर्तन जितेंदर संगवान के द्वारा हल्द्वानी– नैनीताल और परिवहन कर अधिकारी नंदन प्रसाद के द्वारा नैनीताल भीमताल तथा गोविंद सिंह के द्वारा हल्द्वानी कालाढूंगी मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया जिसमें बस, ट्रक, ऑटो, टैक्सी बाइक, ई रिक्शा, मैक्सी आदि वाहनों के टैक्स, फिटनेस, परमिट शर्तों का उल्लंघन, हेलमेट, नो पार्किंग, ओवरस्पीड आदि अभियोग में प्रवर्तन कार्यवाही की गई। इसमें 30 ओवरस्पीड वाहनो एवं 20 टैक्सी बाइक के परमिट शर्तों के उल्लंघन के अभियोग के चालान भी सम्मिलित है। चेकिंग अभियान में परिवहन निरीक्षक आरसी पवार , गिरीश कांडपाल , चंदन ढैला, अरविंद हयांकि, गोधन सिंह ,महेंद्र कुमार, मो०दानिश आदि सम्मिलित रहे।

## किराना व्यवसाई हरीश मदान का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन, परिवार में मचा कोहराम

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगर में आज अत्यंत दुखद घटना घटित हो गई नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रसिद्ध किराना व्यवसाई हरीश मदान उम्र 62 वर्ष का हृदय गति रुकने से निधन हो गया, उनके निधन का समाचार सुनते ही क्षेत्र में जहां शोक की लहर व्याप्त हो गई, वहीं परिवार में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार यहां मुख्य बाजार वार्ड नंबर 6 निवासी हरीश मदान प्रातः अपने घर की छत में पौधों में पानी डाल रहे थे, इसी दौरान उन्हें घुटन सी महसूस हुई, छत से नीचे उतरकर उन्होंने अपनी पत्नी को उक्त जानकारी दी, तथा पड़ोस में ही रहने वाले अपने भाई डिंपल मदान एवं उनके परिजनों को हार्ड पेन की सूचना भिजवाई, जहां उनके परिवार में ही एमबीबीएस बेटी आजकल घर आई हुई है, ने तुरंत ही हरीश मदान को देखा और उन्हें हार्ड की दिक्कत बताते हुए सीपीआर दी, जिसके बाद उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें डॉ सुशीला तिवारी चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया, इस बीच उन्हें 108 वाहन से एसटीएच चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, यह खबर सुनते ही जहां परिवार में कोहराम मच गया, वहीं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई, हरीश मदान का बेटा इंग्लैंड में है, जिसे उक्त दुखद सूचना दे दी गई है, आज गुरुवार को प्रातः 11 बजे हरीश मदान का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम श्मशान घाट में किया जाएगा।

## डीएम की अध्यक्षता में दिव्यांगजन समस्याओं की समीक्षा बैठक

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सभागार, गोपेश्वर में दिव्यांगजन से संबंधित समस्याओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया।



बैठक में दिव्यांग सलाहकार बोर्ड के सदस्यों ने दिव्यांगजनों की विभिन्न समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। इनमें दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही बाधाएं, पेंशन वितरण में देरी, दिव्यांगजनों के राशन कार्ड और आधार कार्ड बनने में समस्याएं, अस्पताल से क्रत्रिम अंग उपकरणों के न मिल पाने की समस्याएं, स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव तथा रोजगार और प्रशिक्षण से जुड़ी चुनौतियाँ प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्रों के त्वरित वितरण, उपकरणों की आपूर्ति, पेंशन भुगतान, तथा कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।

उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को 15 दिन में दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड के सदस्यों के साथ एक बैठक करने के निर्देश दिये।

## न्यायमूर्ति राजेश टंडन ने मानवाधिकारों और संवैधानिक अधिकारों के बारे में भी बताया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आज मानव अधिकार संरक्षण केंद्र की ओर से ''अंकित भंडारी हत्याकांडः निष्पक्ष जांच से न्याय तक'' विषय पर आयोजित एक आईडिया एक्सचेंज प्रोग्राम को संबोधित करते हुए नैनीताल हाईकोर्ट दैनिक लोक अदालत के पीठासीन सदस्य न्यायमूर्ति राजेश टंडन ने कहा कि इंडियन पैनल कोड में हुए संशोधन तथा नए भारतीय न्याय संहिता यबीएनएसद्ध में दिए दिए गये प्रावधानों की वजह से ही अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में निष्पक्ष और दबाव रहित जांच हो पाई।



यही कारण रहा कि ट्रायल कोर्ट में भी त्वरित न्याय हो पाया। न्यायमूर्ति राजेश टंडन ने मानवाधिकारों को रेखांकित करते हुए व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता के विषय में दिए गए संवैधानिक अधिकारों के बारे में भी बताया। उन्होंने भारतीय साक्ष्य अधिनियम में हुए संशोधनों को रेखांकित करते हुए बताया कि अंकिता मामले में इलैक्ट्रानिक तथा सरकमटांसेस एविडेंस इतने मजबूत थे कि उनको नजरंदाज कर पाना किसी के वश में नहीं था जबकि जांच प्रक्रिया को मीडिया और जनसाधारण बहुत नजदीक से अध्ययन कर रहे थे।

आईडिया एक्सचेंज का आयोजन स्मार्ट दून लाइब्रेरी में किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस उपमहानिरीक्षक यकानून व्यवस्थाद्ध श्री धीरेंद्र गुंज्याल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संवाद का संचालन पंजाब केसरी नवोदय टाइम्स के संपादक श्री निशित जोशी जी द्वारा किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक धीरेंद्र गुंजन द्वारा 23 सितंबर 2023 को घटी घटना के बारे में और उसके बाद की गई पुलिस कार्रवाई, निष्पक्ष जांच जन दबाव एवं मीडिया के प्रभाव को रेखांकित किया गया। उन्होंने बताया कि शुरू में सोशल मीडिया में कई प्रकार की अफवाहें तथा अर्द्ध सत्य तैर रहे थे लेकिन बाद में मीडिया ने जिस प्रकार से रिपोर्टिंग उससे पुलिस को भी जांच करने में सहयोग प्राप्त हुआ। खुले संवाद के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित कई वरिष्ठ पत्रकारों ने विभिन्न प्रकार के सवाल जवाब किए, जिन पर श्री धीरेंद्र गुंज्याल जी द्वारा बहुत ही सकारात्मक और स्पष्ट उत्तर दिए गए। इस संवाद कार्यक्रम में अंकित भंडारी हत्याकांड मामले में प्रमुख रूप से तथ्यात्मक, संतुलित एवं सूचनात्मक रिपोर्टिंग करके मामले को जीवित बनाए रखने तथा एक प्रकार का दबाव बनाए रखने के लिए कुछ पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

19 June 2025_Copy of Layout 1 6/19/2025 1:28 PM Page 7



# केवीआईसी ने पीएमईजीपी के अंतर्गत 300 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी संवितरित की

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 17 जून 2025 को एक वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के 11,480 सेवा क्षेत्र के लाभार्थियों को करीब 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी का संवितरण किया।

यह संवितरण लगभग 906 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति के सापेक्ष किया गया। यह आयोजन नई दिल्ली स्थित राजघाट कार्यालय से सम्पन्न हुआ, जहां से केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने अपनी टीम के साथ ऑनलाइन माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में यह सब्सिडी स्थानांतरित की। कार्यक्रम में केवीआईसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रूप राशि सहित वरिष्ठ अधिकारी मुंबई से वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर और विकसित भारत' का सपना साकार हो रहा है और पीएमईजीपी योजना उसका मजबूत स्तंभ बन चुकी है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन बन गई है जो लाखों युवाओं, महिलाओं और कारीगरों को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ रही है। गांव–गांव तक रोजगार और आत्मनिर्भरता के निर्माण में इस योजना की भूमिका निर्णायक रही है। इस व्यापक संवितरण में देश के सभी छह अंचलों की सक्रिय भागीदारी रही। केंद्रीय जोन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड की कुल 2403 परियोजनाओं के लिए करीब 72 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई, जिनके लिए कुल 218 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। पूर्वी जोन में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और अंडमान–निकोबार द्वीप समूह की 996 परियोजनाओं को करीब 22 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई, जबकि ऋण स्वीकृति करीब 71 करोड़ रुपये रही।



उत्तर भारत के राज्योंदृ पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान और केंद्र शासित चंडीगढ़ दृ के अंतर्गत कुल 2713 परियोजनाओं को करीब 61 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई और इन परियोजनाओं के लिए 184 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। पूर्वोत्तर क्षेत्र की 81 परियोजनाओं को करीब 2 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई, जिसमें असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा जैसे राज्य शामिल रहे।

दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में 4565 परियोजनाओं को शामिल करते हुए करीब 116 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई, जबकि इन परियोजनाओं के लिए 343 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण स्वीकृत किया गया।

## माईस्कीम जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**देहरादून।** सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) ने राष्ट्रीय ई. गवर्नेंस डिवीजन (एनईजीडी) और माईटी के तहत राज्य ई.मिशन टीम के सहयोग से देहरादून में माईस्कीम पर एक जागरूकता और संवेदीकरण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

इस कार्यशाला का उद्घाटन तीर्थ पाल सिंह, अपर निदेशक, आईटीडीए द्वारा किया गया। जिन्होंने नागरिकों के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच को सरल बनाने में माईस्कीम के महत्व पर प्रकाश डाला।

उत्तराखंड सरकार के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया, जहाँ एनईजीडी माईस्कीम टीम ने प्लेटफॉर्म की विशेषताओं को लाइव ऑनलाइन डेमो के माध्यम से प्रदर्शित किया। वक्ताओं ने बताया कि कैसे माईस्कीम नागरिकों को उनकी प्रोफाइल के आधार पर पात्र योजनाओं की खोज करने और आवेदन प्रक्रिया को सुगम बनाने में मदद करता है।

## आईटी विभाग ने डिजी लॉकर एवं एंटिटी लॉकर पर प्रशिक्षण कार्यशाला का किया आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक शासन प्रभाग एवं राज्य ई.मिशन टीम के सहयोग से देहरादून में डिजी लॉकर एवं एंटिटी लॉकर विषय पर एक दिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ रवि शंकर सिंह प्रमुख, राज्य ई.मिशन टीम, उत्तराखंड द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि डिजी लॉकर एवं एंटिटी लॉकर प्रणाली राज्य में डिजिटल शासन को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम का संचालन अरुण बिष्ट सहायक महाप्रबंधक (ई.सेवाएं), आईटीडीए द्वारा किया गया।

इस अवसर पर तीर्थ पाल सिंह, अपर निदेशक, आईटीडीए ने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया मिशन के तहत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में डिजी लॉकर एवं एंटिटी लॉकर एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने–अपने विभागों में इस प्रणाली को अधिक से अधिक लागू करने का प्रयास करें। कार्यशाला में माईटीए भारत सरकार के विशेषज्ञों द्वारा डिजी लॉकर एवं एंटिटी लॉकर की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सत्र के दौरान इन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से दस्तावेजों के सुरक्षित भंडारण, साझाकरण एवं प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई।

## अपर आयुक्त की अध्यक्षता में हुई लैंड फ्रॉड समन्वय समिति की बैठक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गढ़वाल अपर आयुक्त उत्तम सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को देहरादून सर्वे चौक स्थित कैंप कार्यालय में लैंड फ्रॉड समन्वय समिति की बैठक हुई। कमेटी द्वारा लैंड फ्रॉड में दर्ज 58 मामलों पर चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों की रिपोर्ट और शिकायतकर्ताओं की सुनवाई के आधार पर 08 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।

अपर आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लैंड फ्रॉड के मामलों को गंभीरता से लेते हुए इससे जुड़े वादों का तेजी से निस्तारण करें। भूमि फ्रॉड से जुड़े मामलों पर त्वरित कार्यवाही करें और इसकी रिपोर्ट तत्काल साझा करें। ऐसे प्रकरण जिनमें भूमि धोखाधडी स्पष्ट परिलक्षित हुई है, उनमें एफआईआर दर्ज करते हुए एसआईटी से जांच कराने के निर्देश दिए। अपर आयुक्त ने न्यायालय में विचाराधीन मामलों को छोड़कर शेष विभागीय स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही में तेजी लाने और भूमि से सम्बन्धित किसी भी प्रकरण को अपने स्तर पर लंबित ना रखने के निर्देश दिए। लैंड फ्रॉड मामलों के निस्तारण और भूमि प्रबंधन के सम्बन्ध में न्यायालय के आदेशों का अनुपालन करवाने के भी निर्देश दिए। जिन भूमि के प्रकरणों में जांच की जानी हैं और रिपोर्ट दी जानी है उसकी जांच करते हुए जल्द से जल्द रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा।



अपर आयुक्त बैठक लेते हुए।

लैंड फ्रॉड में दर्ज कुल 58 मामलों में से सबसे अधिक 45 मामले देहरादून जिले से संबंधित थे। जबकि पौड़ी जनपद के 06, टिहरी व रूद्रप्रयाग के 02–02 और चमोली, रूद्रप्रयाग व उत्तरकाशी जनपद के 1–1 प्रकरण पर चर्चा की गई।

## योग पर एफ.आर.आई. एवं जिला आयुर्वेद एवं यूनानी कार्यालय ने किया संगोष्ठी का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विस्तार प्रभाग, वन अनुसंधान संस्थान (एफ.आर.आई.) द्वारा जिला आयुर्वेद एवं यूनानी कार्यालय, देहरादून के सहयोग से "कार्यालय योग" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन वन अनुसंधान संस्थान परिसर में किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य कार्यालयों में कार्यरत लोगों के बीच शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, अधिकारियों, छात्रों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता ऋचा मिश्रा, प्रमुख, विस्तार प्रभाग एवं निदेशक प्रभारी, एफ.आर.आई. ने की। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने दैनिक कार्यालय कार्यों में स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया।



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

उन्होंने कहा, "आज के स्थिर कार्य वातावरण में थोड़ी सी सजगता और छोटे–छोटे शारीरिक व्यायाम भी शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्पष्टता में उल्लेखनीय सुधार ला सकते हैं।" उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से कार्यालय योग को अपनाने का आग्रह किया, जिससे न केवल उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आएंगे।

इस अवसर पर डॉ. एन.के. उप्रेती, समूह समन्वयक अनुसंधान, एफ.आर.आई; कुलसचिव, एफ.आर. आई.डीयू; एफ.आर.आई के विभिन्न प्रभागों के प्रमुख; एवं जिला आयुर्वेद एवं यूनानी कार्यालय की ओर से डॉ. ललित कुमार (नोडल अधिकारी), डॉ. ज्योत्सना पेटवाल (समन्वयक), डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. अंजुला, डॉ. डी.सी. पसबोला तथा योग अनुदेशक टीम उपासना कोठारी, मोनिका सैनी और श्री शुभम खन्ना उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा एक व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें कार्यालय परिवेश के अनुसार अनुकूलित सरल योग तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इन तकनीकों में श्वास–प्रश्वास क्रियाएँ, खिंचाव व्यायाम तथा मुद्रा सुधार विधियाँ शामिल थीं, जिन्हें अपनी कुर्सी पर ही बिना योगा मैट के किया जा सकता है।

# डीएम के निर्देश, पेयजल शिकायतों का डे-टू-डे निस्तारण रखें जारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री के सुशासन एवं जनसेवा संकल्प के तहत पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन सर्तकता और सक्रियता से डे–टू–डे समस्या का निदान करने में जुटा है। विगत 14 अप्रैल से लेकर 17 जून तक पेयजल की 150 शिकायतें मिली है, जिसमें से 147 शिकायतों का समाधान कर लिया गया है।



जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में जिले स्तर पर समिति गठित की गई है, जो नियमित रूप से पेयजल शिकायतों की मॉनिटरिंग में लगी है। डीएम के निर्देश पर पेयजल सप्लाई से जुड़े 07 विभागों के अधिकारी 20 अप्रैल से 24•7 जिला कंट्रोल रूम में तैनात किए गए है। जिलाधिकारी ने पेयजल डिविजन के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि पानी की समस्या का डे–टू–डे ही समाधान किया जाए। कोई भी शिकायत अनावश्यक लंबित न रहे। जनसेवा के तहत हर घर तक निर्बाध रूप से शुद्ध पेयजल आपूर्ति करना ही प्रशासन का लक्ष्य है। मानसून सीजन में भी हर घर तक निर्बाध रूप से साफ पानी की सप्लाई जारी रखें। जल स्रोत और टैंकों पर क्लोरिनेशन के साथ ही नियमित सफाई रखी जाए।

सुभाष नगर के कई घरों में पानी न पहुंचने की समस्या पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि क्षेत्र में गेल कंपनी द्वारा गैस पाइप लाइन बिछाने के दौरान विभागीय पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसको मरम्मत कराते हुए जलापूर्ति सुचारू कर दी गई है। मोनाल एन्क्लेव में पेयजल समस्या का निस्तारण करते हुए बताया कि क्षेत्र में 14 जून को यूयूएसडीए द्वारा पेयजल व सीवर लाइन बिछाने के दौरान पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत कर 15 जून से पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। चन्द्र शेखर आजाद नगर में पेयजल की शिकायत पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि क्षेत्र में नलकूप की मोटर खराब होने पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई थी। मोटर की मरम्मत कर आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। जीएमएस रोड़ से शिव प्रसाद गैरोला, विपिन, अनुज कुमार, सरस्वती, अतुल एवं संजय सिंह की शिकायतों पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि क्षेत्र में गेल द्वारा गैस लाइन विछाने से बार–बार क्षतिग्रस्त हो रही थी। इसको देखते हुए क्षेत्र में टैंकरों से उपभोक्ताओं को पेयजल आपूर्ति की गई। वर्तमान में पेयजल लाइन की मरम्मत कर आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। पिथूवाला, पंकज विहार निवासी एनके शर्मा ने कंट्रोल रूम के दूरभाष पर पानी न आने की शिकायत दर्ज की थी। उनकी समस्या का भी निस्तारण कर लिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देशों पर पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में नियमित निगरानी करते हुए ट्यूबवेल व नलकूपों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जल संस्थान एवं जल निगम के सभी डिविजनों में समस्याओं के निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर भी प्रचारित किए गए है। इसके अलावा कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 0135–2726066 व 1077 पर मिलने वाली शिकायतों का त्वरित संज्ञान लिया जा रहा है।

## पदोन्नति और स्थानांतरण से जुड़ी मांग पर राजकीय शिक्षकों की हड़ताल की चेतावनी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड की प्रांतीय कार्यकारिणी के नेतृत्व में शिक्षा निदेशालय देहरादून में शिक्षकों ने धरना दिया तो संघ के कड़े इरादे सभी को दिखने लगे। प्रदर्शन के दौरान शिक्षक संघ ने सरकार को चेताया और मांगे पूरी नहीं करने पर कड़ा कदम उठाए जाने के संकेत भी दिए। शिक्षक संघ ने स्थानांतरण की प्रक्रिया का पूर्व की भांति सुचारू करने की भी मांग रखी गई।

गौर हो कि मांगों को लेकर शिक्षक संघ लंबे समय से मुखर है।शिक्षक संघ ने ऐलान किया कि यदि 5 जुलाई तक सभी स्तरों की पदोन्नति सूची जारी नहीं की गई एवं स्थानांतरण की प्रक्रिया पूर्व की भांति सुचारू नहीं की गई तो राजकीय शिक्षक संघ हड़ताल करने को बाध्य होगा। दरअसल संघ ने शिक्षा निदेशालय कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने का फैसला किया था। ताकि शिक्षा विभाग से जुड़े अफसरों को मांगों को लेकर चेताया जा सके, राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राम सिंह ने चौहान ने कहा कि हमें कई बार आश्वासन दिया गया, लेकिन मांगे कभी पूरी नहीं हो पाई। अब शिक्षक को आश्वासन नहीं चाहिए बल्कि अब ठोस निर्णय के साथ आदेश होने चाहिए। उधर शिक्षक संघ ने अंतिम लड़ाई लड़ने के संकेत भी दे दिया। एक तरफ शिक्षक प्रदर्शन कर रहा था तो विभागीय अधिकारियों की नजरें भी शिक्षक संघ के कदम पर थी।

## चमोली में त्रिस्तरीय पंचायतों के आरक्षण रहेंगे पूर्ववत

**चमोली।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत जनपद में विभिन्न पदों पर आरक्षण सूची जारी होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा आरक्षण को लेकर आपत्तियाँ मांगी गई थीं। अंतिम तिथि 15 जून तक कुल 348आपत्तियाँ प्राप्त हुई थीं। जानकारी के अनुसार, आरक्षण को लेकर प्रधान पद पर सर्वाधिक 188 आपत्तियाँ दर्ज की गई थीं। बीडीसी पद पर 97, जिला पंचायत सदस्य पद पर 37 और ब्लॉक प्रमुख पद पर 26 आपत्तियाँ प्राप्त हुई थीं। जिलाधिकारी, चमोली द्वारा उक्त पदो के आरक्षण का अन्तिम प्रकाशन करते हुये सूची जनपद के समस्त विकास खण्डों, जिला पंचायत चमोली, जिला पंचायतीराज अधिकारी कार्यालय एवं जिलाधिकारी कार्यालय गोपेश्वर में चस्पा कर दिया गया है।

## न्यूज डायरी

### मतदान केंद्रों के युक्तिकरण एवं निर्वाचन तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक



**चमोली।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी देहरादून के निर्देशानुसार आज बुधवार को कलेक्ट्रेट के वी सी कक्ष में अपर जिलाधिकारी ध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश द्वारा पुनरीक्षण कार्य हेतु बैठक आयोजित की गयी। उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देश दिये कि जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर 21 जून तक ग्रुप सी के बीएलओ की तैनाती की जाए एव बीएलओ न मिलने की स्थिति में आंगनबाडी कार्यकर्ता को बीएलओ की जिम्मेदारी जिलाधिकारी के अनुमोदन के पश्चात सौंपी जाए। बैठक में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण, नए भवनों की पहचान, रिक्त पदों को भरने तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिए जाने संबंधी तैयारियों की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों की भौगोलिक स्थिति, पहुंच सुविधा, आधारभूत संरचना एवं सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए युक्तिकरण किया जाए, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई उत्तराखंड नागरिक उड्डयन की बैठक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में उत्तराखंड नागरिक उड्डयन (सिविल एविएशन) की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने प्रदेश में वर्तमान समय में हवाई सेवाओं के संचालन की वर्तमान स्थिति तथा हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार से संबंधित एयरपोर्ट और हवाई पट्टी निर्माण व इसके विस्तार की प्रगति की जानकारी ली।



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

जिलाधिकारी देहरादून और उधम सिंह नगर द्वारा देहरादून और पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने दोनों जिलाधिकारियों को एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से संबंधित कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी उधम सिंह नगर को एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए अधिग्रहित की जा चुकी भूमि को शीघ्रता से क्लियर करते हुए अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी पिथौरागढ़ को एयरपोर्ट का नियमित ऑपरेशनल स्ट्रक्चर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पिथौरागढ़ एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के संबंध में निर्देश दिए कि टनल की लोड बियरिंग कैपेसिटी की आईआईटी रुड़की अथवा इसी तरह के उच्च तकनीकी संस्थान से जांच कराएं।

## पेज 01 का शेष...

### क्रोएशिया पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, किया शानदार स्वागत, भारतीय समुदाय से की मुलाकात

पीएम मोदी की क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच और राष्ट्रपति जोरान मिलानोविच से द्विपक्षीय वार्ता भी निर्धारित है। यह यात्रा यूरोपीय संघ के भागीदारों के साथ भारत की साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी की क्रोएशिया के प्रधानमंत्री प्लेंकोविच से 2021 में कोप–26 और भारत–यूरोपीय संघ वर्चुअल नेताओं की बैठक के दौरान संक्षिप्त मुलाकात हो चुकी है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मार्च 2019 में क्रोएशिया की राजकीय यात्रा की थी, जिसमें उन्हें क्रोएशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द किंग ऑफ टॉमिस्लाव' से सम्मानित किया गया था।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com

Website : www.nazariyakhabar.com

डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19